ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 12.08.2021

''वीर शहीदों को नमन''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में डूडा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत पथ विक्रेताओं को आज दिनांक 12.08.2021 को कवि तिराहे पर बने एम0टी0एस0 हाल में कैम्प लगाकर किया गया ऋण वितरण। नगर आयुक्त महोदय द्वारा किया गया निरीक्षण।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 12.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में डूडा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत पथ विक्रेताओं को आज दिनांक 12.08.2021 को कवि तिराहे पर बने एम0टी0एस0 हाल में विशेष कैम्प लगाकर ऋण वितरण किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर में रह रहें गरीब, बेसहारा व पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 12.08.2021 को नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में डूडा द्वारा कवि तिराहे पर बने एम0टी0एस0 हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत आयोजित कैम्प में किये जा रहें कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत शासन द्वारा निर्गत लक्ष्य के सापेक्ष अब तक प्राप्त आनलाइन आवेदनों की संख्या, अब तक स्वीकृत किये गये ऋण, पथ विक्रेताओ को अब तक किये गये ऋण वितरण व कोविड–19 के संक्रमण से पथ विक्रेताओ को बचाये जाने के लिये किये जा रहे कोविड–19 टीकाकरण के बारे में जानकारी की गई। जिसमें डूडा के परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत 01 जुलाई से 15 अगस्त तक 756 पथ विक्रेताओ का ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया है, शासन द्वारा निर्गत लक्ष्य के सापेक्ष 01 जुलाई से आज दिनांक 12 अगस्त तक 852 आनलाइन आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें से 716 पथ विक्रेताओ के खातों में ऋण स्वीकृति की धनराशि ट्रान्सफर की जा चुकी है। साथ ही संबन्धित द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 12.08.2021 को 110 आनलाइन आवेदन प्राप्त हुये व बैकों के माध्यम से 12 पथ विक्रेताओं को स्वीकृति ऋण–पत्र प्रदान किये गये एवं 12 पथ विक्रेताओं के खातों में राशि ट्रान्सफर की गई है। इसके साथ ही संबन्धित द्वारा बताया गया कि कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत आज दिनांक 50 पथ विक्रेताओ के टीकाकरण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि याजेना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचायें जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा–रामनगर, शाहजहाँपुर द्वारा पथ विक्रेताओं को उपलब्ध कराये जाने वाले ऋण सर्वाधिक लम्बित होने के कारण नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा रोष व्यक्त किया गया व प्रत्येक दशा में दिनांक 13.08.2021 तक शत–प्रतिशत ऋण स्वीकृत कर पथ विक्रेताओं के खातों में राशि का भुगतान किये जाने हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा–रामनगर, शाहजहाँपुर के प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 12.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बहादुरगंज, अम्बेडकर पार्क, ताजुखेल में सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्तर्गत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा कच्चा कटरा, एबीरिच इण्टर कॉलेज, मोहम्मदजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी, जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा सराय काईयां, बजीरगंज, दलेलगंज, गड़ी गाड़ीपुरा में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 12.08.2021 को लगभग 3325 स्थलों तथा 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।